संख्या: 13/2015/299 /पैंतीस-2-2015-3/39(108)/2011

प्रेषक,

कृष्ण कान्त अस्थाना,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आर्थिक बोध एवं संख्या निदेशक,
उ0प्र0, लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-2 **लखनउ: दिनांक 27 मार्च, 2015**

विषय- **अर्थ एवं संख्या प्रभाग मुख्यालय की निष्प्रयोज्य कार के स्थान पर नये वाहन प्रतिस्थापित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या: 170/ले0-14/2014, दिनांक 12.03.2015 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा प्रभाग मुख्यालय के निष्प्रयोज्य अम्बेस्डर कार संख्या: यू0पी0-32 डब्लू-7235 के स्थान पर डिजायर पेट्रोल माडल- जेड एक्स आई कार लागत रू0 6,34,417/- (सभी करों सहित) के क्रय की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय वाहन संख्या-यू0पी0-32 डब्लू-7235 के निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने के फलस्वरूप आपसे प्राप्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त मारूती सुजुकी इण्डिया लि0 से डी0जी0एस0एण्ड डी0 रेट कन्ट्रेक्ट की दर पर एक वाहन माडल डिजायर पेट्रोल- जेड एक्स आई कार लागत रू0 रू0 6,34,417/- (रू0 छः लाख चौतीस हजार चार सौ सत्तरह मात्र) क्रय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- प्रश्नगत वाहन का क्रय निर्धारित प्रक्रिया एवं सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन करते हुए किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-40 के लेखाशीर्षक 3454-जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी-02-सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी-आयोजनेत्तर-001-निदेशन तथा प्रशासन-03- अर्थ एवं संख्या निदेशालय की मद 14- कार्यालय प्रयोगार्थ स्टाफ कार्य/मोटर गाडियों का क्रय के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या: यू0ओ0-ई-5-450/दस-2015, दिनांक 26.03.2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(कृष्ण कान्त अस्थाना)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या: 13/2015/299(1)/पैतीस-2-2015-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार लेखा परीक्षा, सत्य निष्ठा भवन, 15 थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
5. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त केन्द्रीय सहायता अनुभाग।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण कान्त अस्थाना)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in